## ★ प्रस्ताव 67 के पक्ष में तर्क ★

गंदगी घटाने, हमारे महासागर और वन्य जीवन का संरक्षण करने और सफ़ाई के व्यय घटाने के लिए 67 को हां कहें।

एकल-उपयोग प्लास्टिक शॉपिंग थैलियों से सबसे अधिक दृश्यमान कचरा उत्पन्न होता है जो हमारे बगिचों, पेड़ों और परिवेश को नुकसान पहूंचाता है और हमारी नदियों, तालाबों और समंदरों में घुल जाता है। एक हां मत हमारे पर्वतों, घाटियों, समुद्र तटों और समुदायों से फेंकी हुई प्लास्टिक थैलियाँ हटाने और उन्हें सुंदर रखने में मदत करेगा। इस कानून से हमारे राज्य और स्थानीय समुदायों का कई हजार मिलियन डॉलर का गंदगी साफ़ करने का खर्चा भी बचेगा।

प्लास्टिक की थैलियाँ वन्य जीवन के लिए एक घातक ख़तरा है।

*"प्लास्टिक की थैलियाँ वन्य जीवन को प्रतिदिन नुकसान पहूँचाती है। समुद्री कछुए, समुद्री ऊदबिलाव, सिल्स, मछलीयाँ और पंछी प्लास्टिक की थैलियों में उलझ जाते हैं, कई तो उन्हें ही खाना समझ बैठते हैं, अपना पेट प्लास्टिक से भर लेते हैं और भूख से मर जाते हैं। 67 के लिए हां कहना यह हमारे समंदरो, तालाबों और नदियों से प्लास्टिक कम करने तथा वन्य जीवन को संरक्षित करने हेतु सहज-भावना का उपाय है।" - Julie Packard, कार्यकारी निदेशक, Monterey Bay Aquarium*

67 के लिए हां कहने से प्लास्टीक की थैलियों हटाने में CALIFORNIA की सफ़लता जारी रहेगी।

एक हां का मत विधानमंडल द्वारा पारित और गर्वनर द्वारा हस्ताक्षरित कानून को लागू करेगा जो एकल-उपयोग हानिकारक प्लास्टिक थैलियों के वितरण पर रोक लगायेगा। इस कानून को उन संगठनों से मजबूत समर्थन प्राप्त है जो कि समंदर, वन्य जीवन, उपभोक्ता और छोटे व्यवसायों को संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मतदाताओं द्वारा प्रस्ताव 67 पारित किये जाने पर इसे पूरे राज्य में पूरी तरह से लागू कर दिया जायेगा।

कई स्थानीय समुदाय चरणबद्ध तरीके से प्लास्टीक को हटा रहे हैं। वास्तव में, लगभग 150 स्थानीय शहरों एवं काउंटीज ने एकल-उपयोग प्लास्टिक थैलियों को प्रतिबंधित किया है। यह कानून पहले ही सफ़ल हो चुका है, कुछ समुदायों में एकल-उपयोग प्लास्टिक थैलियों के इस्तेमाल में लगभग 90 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है और साथ ही उपभोक्ताओं से मजबूत समर्थन भी मिल रहा है।

राज्य के बाहर प्लास्टिक बैग कंपनियाँ CALIFORNIA के सफ़लता का विरोध कर रही है।

इस कानून के विरोधियों को राज्य के बाहर की चार बड़ी प्लास्टिक बैग कंपनियों से वित्तीय मदद मिल रही है। वे नहीं चाहते कि California प्लास्टिक बैग के कचरे के निपटान का नेतृत्व करें और वे अपने मुनाफ़े को बचाने के लिए इस विधेयक को हराने में लगे हैं।

उनके झूठे दावों पर यकीन ना करें। हमें California के प्लास्टिक बैग कानून को काम करने का एक अवसर देना चाहिए, ख़ासतौर पर स्थानीय स्तर पर इतनी सफ़लता मिलने के बाद।

67 पर हां करें ताकि CALIFORNIA के प्लास्टिक बैग गंदगी निपटान कानून को बचाया जा सके।

**JULIE PACKARD,** कार्यकारी निदेशक
Monterey Bay Aquarium

**JOHN LAIRD,** अध्यक्ष
California महासागर संरक्षण परिषद

**SCOTT SMITHLINE,** निदेशक
California संसाधन रीसाइक्लिंग एवं पूर्नप्राप्ति विभाग

## ★ प्रस्ताव 67 के पक्ष में दिये गये तर्क का खंडन ★

हम सभी पर्यावरण का संरक्षण करना चाहते हैं लेकिन प्रस्ताव 67 एक धोखा है।

यह California के उपभोक्ताओं पर वार्षिक $300 मिलियन का छुपा बैग कर लगाता है जिसमें उन्हें चेकआउट करते समय हर कागज़ और किराने की मोटी प्लास्टिक थैली पर न्यूनतम 10 सेंट चुकाना होगा।

और एक भी पैसा पर्यावरण की ओर जानेवाला नहीं है।

इसके बजाय विधानमंडल नये बैग कर राजस्व में मिलनेवाले सभी $300 मिलियन किराना दुकानदारों को अतिरिक्त मुनाफ़े के तौर पर देनेवाला है।

यह प्रति वर्ष $300 मिलियन की राशि है!

यह विशेष हितवालों का प्रेम का सौदा रोकिए।

इस प्रेम के सौदे में जिसे कुछ ख़ास लॉबीस्ट ने अंजाम दिया है, प्रस्ताव 67 किराना दुकानदारों के लिए प्रति वर्ष $300 मिलियन का मुनाफ़ा बढ़ानेवाला है।

बड़े किराना स्टोर की श्रृंखलाएं पूरा नया कर राजस्व अपने पास रखनेवाली है।

उपभोक्ताओं के दम पर किराना दुकानदार प्रति वर्ष $300 मिलियन से मालामाल होनेवाले हैं।

बेवकूफ़ ना बनें: बैग प्रतिबंध कर में से एक पैसा भी पर्यावरण पर खर्च नहीं होनेवाला है।

विधानमंडल पर्यावरण को बचाने के लिए नया कर राजस्व समर्पित कर सकता था लेकिन उनका लक्ष्य पर्यावरण का संरक्षण नहीं था। . . . वह किराना दुकानदारों और श्रमिक यूनियनों के लिए मुनाफ़ा बढ़ाने का प्रयास था।

विधेयक में विशेषरूप से प्रावधान है कि किराना दुकानदारों को पूरे नये कर को मुनाफ़े के तौर पर रखना है!

इस प्रेम के सौदे को और छुपे बैग कर को रोकें।

प्रस्ता 67 व पर नहीं में मतदान करें।

**DOROTHY ROTHROCK,** अध्यक्ष
California निर्माता और प्रौद्योगिकी एसोसिएशन

**THOMAS HUDSON,** कार्यकारी निदेशक
California करदाता संरक्षण समिति

**DEBORAH HOWARD,** कार्यकारी निदेशक
California वरिष्ठ अधिवक्ता लीग



*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों के विचार हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*

## ★ प्रस्ताव 67 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 67 से बेवकूफ़ ना बनें।

यह California के उपभोक्ताओं पर वार्षिक $300 मिलियन का छुपा बैग कर है जिसमें उन्हें चेकआउट करते समय हर कागज़ और किराने की मोटी प्लास्टिक थैली पर न्यूनतम 10 सेंट चुकाना होगा।

और एक भी पैसा पर्यावरण की ओर जानेवाला नहीं है।

इसके बजाय विधानमंडल ने नये बैग कर राजस्व में मिलनेवाले सभी $300 मिलियन किराना दुकानदारों को अतिरिक्त मुनाफ़े के तौर पर दे दिये हैं।

यह विशेष हितोंवाला प्रेम का सौदा रोकिए . . . प्रस्ताव 67 पर नहीं में मतदान करें।

बैग कर रोकें।

प्रस्ताव 67 ने प्लास्टिक खुदरा थैलियों के इस्तेमाल को प्रतिबंधित किया है और चेकआउट के समय दिये जानेवाले हर कागज़ या प्लास्टिक की मोटी पुन: प्रयोज्य बैग पर न्यूनतम 10 सेंट कर लगाने और रखने का अधिकार किराना दुकानदारों को दिया है।

जिन खरीदारी थैलियों को किराना दुकानदार मुफ़्त में देते हैं उन्हें इस्तेमाल करने के लिए उपभोक्ता हर साल $300 मिलियन का भूगतान करेंगे।

कर राजस्व किराना दुकानदारों के विशेष हित में जायेगा

प्रस्ताव 67 किराना दुकानदारों के लिए प्रति वर्ष $300 मिलियन का मुनाफ़ा बढ़ानेवाला है।

बड़े किराना स्टोर की श्रृंखलाएं पूरा कर राजस्व अपने पास रखनेवाली है।

उपभोक्ताओं के दम पर किराना दुकानदार प्रति वर्ष $300 मिलियन से मालामाल होनेवाले हैं।

बैग कर में से एक पैसा भी पर्यावरण पर खर्च नहीं होनेवाला है

विधानमंडल पर्यावरण को बचाने के लिए नया कर राजस्व समर्पित कर सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

इसके बजाय उसने किराना दुकानदारों को नया बैग कर राजस्व रखने का अधिकार दिया।

यह विशेष हितोंवाला बैग कर सौदा रोकिए

प्रस्ताव 67 ऐसा सौदा है जिसे विशेष हित लॉबीस्ट द्वारा Sacramento में रचा गया है ताकि किराना दुकानदारों के लिये मुनाफ़ा बढ़ाया जा सके।

विधेयक SB 270 में संमत हुआ है और उसके छुपे अर्थ में उपभोक्ताओं पर लगनेवाला नया बैग कर छुपा है- जिसके तहत खरीदारों को दिये जानेवाले हर कागज़ और मोटी प्लास्टिक पुन: प्रयोज्य बैग पर न्यूनतम 10 सेंट कर लगाया जायेगा जो पूरी तरह से किराना दुकानदार के खाते में जायेगा।

इस प्रेम के सौदे को और छुपे बैग कर को रोकें
प्रस्ता 67 व पर नहीं में मतदान करें।

**DOROTHY ROTHROCK,** अध्यक्ष
California निर्माता और प्रौद्योगिकी एसोसिएशन

**THOMAS HUDSON,** कार्यकारी निदेशक
California करदाता संरक्षण समिति

**DEBORAH HOWARD,** कार्यकारी निदेशक
California वरिष्ठ अधिवक्ता लीग

## ★ प्रस्ताव 67 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

67 पर हां मत देने से यह पुष्टि होती है कि California किराने की प्लास्टिक थैलियों पर अपने प्रतिबंध को जारी रख सकता है। यह इतना आसान है।

Texas और South Carolina के प्लास्टिक बैग कंपनियों द्वारा चलाए जा रहे भ्रामक प्रचार में बेवकूफ़ ना बने, जो हमारे पर्यावरण की देखभाल करने का दावा करते हैं। एकल-उपयोग प्लास्टिक थैलियों को हटाकर California को बड़ा फायदा मिलनेवाला है।

यह थैलियाँ वन्यजीवन को मारती हैं, हमारे समंदरों को प्रदूषित करती हैं, रिसाइकलिंग तंत्र को बिगाडती हैं और ऐसी गंदगी उत्पन्न करती है जिसे सफ़ाई महंगी हो जाती है।

California के कई समुदायों ने पहले से किराने की प्लास्टिक शैलियों को हटाना शुरू किया है और हां मत इस प्रगति को जारी रखेगा।

*"उद्यमियों के बहकावे में ना आएं! . . . अपनी थैलियाँ लाकर कागज़ या पुन: प्रयोज्य प्लास्टिक थैलियों पर 10-सेंट के शुल्क को खरीदार टाल सकते हैं।" - The Los Angeles Times का संपादकीय बोर्ड*

*"पूरे California में, हमारे जैसे छोटे किराना दुकानदारों ने प्रस्ताव 67 को समर्थन दिया है। हमारे स्थानीय समुदाय में, हमने एकल-उपयोग प्लास्टिक थैलियों पर प्रतिबंध लगाया है जिसका बहुत ही अच्छा असर है। हमारे ग्राहक अपनी खुद की पुन: प्रयोज्य थैलियाँ ला रहे हैं, और गैरज़रूरी प्लास्टिक गंदगी कम करने में खुशी से अपना योगदान दे रहे हैं। यह छोटे व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए अच्छा है।"—Roberta Cruz, La Fruteria Produce*

*"California के निवासी प्लास्टिक बैग के निर्माताओं से होशियार है, ख़ासकर राज्य के बाहर के लोगों से जो कि खुद को होशियार समझते हैं।"—Sacramento Bee संपादक-मंडल*

प्लास्टिक बैग की गंदगी और कचरा हटाने में California को सफ़ल बनाने के लिए 67 पर हाँ में मतदान करें।

**DOLORES HUERTA,** सह-संस्थापक
यूनाइटेड फार्म वर्कर्स

**SAM LICCARDO,** महापौर
San Jose शहर

**MARY LUÉVANO,** आयुक्त
California तटीय आयोग

*इस पृष्ठ पर छपे हुए तर्क लेखकों के विचार हैं, और उन्हें शुद्धता के लिए किसी भी आधिकारिक एजेंसी के द्वारा जाँचा नहीं गया है।*